भोपाल, सीहोर, इंदौर, छिंदवाड़ा ग्वालियर, मुरैना से एकसाथ प्रकाशित

दैनिक
जनता की बुलंद आवाज
सचएक्सप्रेस
सत्यम् सदैव सुन्दरम्...

वर्ष-17 || अंक- 33 || पृष्ठ-8 || शुल्क- 2 रुपए || भोपाल || मंगलवार 16 जून || 2026
www.dainiksachexpress.com, sachexpress.page

पेज 2 देवकीनंदन ठाकुर के बयान चर्चा में

पेज 3 सीमाओं की सुरक्षा की तरह डेटा की सुरक्षा महत्वपूर्ण

पेज 5 नवनिर्मित अस्पताल भवन का लोकार्पण

पेज 6 वर्षा जल संचयन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ी

पेज 7 देश की सुख-समृद्धि की कामना की

नीट री-एग्जाम को लेकर केंद्र सरकार का बड़ा फैसला, 22 जून तक पाबंदियां

टेलीग्राम पर रोक, मैसेज एडिट फीचर भी 30 जून तक बंद रहेगा, 21 जून को होगी परीक्षा

नई दिल्ली || एजेंसी

नीट पुनर्परीक्षा को लेकर केंद्र सरकार अलर्ट है और पेपर लीक को रोकने के लिए हरसंभव कदम उठा रही है। केंद्र सरकार ने मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर अस्थायी रूप से रोक लगाने का फैसला किया है। नीट 2026 की पुनर्परीक्षा के चलते सरकार ने यह कदम उठाया है। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा से पहले केंद्र सरकार द्वारा मैसेजिंग प्लेटफॉर्म टेलीग्राम पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने के फैसले का स्वागत किया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने निर्देश जारी कर भारत में टेलीग्राम की सेवाओं पर 22 जून 2026 तक अस्थायी रोक लगाने को कहा है। यह कदम 21 जून को आयोजित होने वाली नीट-यूजी 2026 पुनर्परीक्षा की निष्पक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। एजेंसी का कहना है कि कुछ लोग इस सुविधा का इस्तेमाल राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में पेपर लीक होने के फर्जी सबूत बनाने के लिए करते रहे हैं। ऐसे मामलों को रोकने और परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है। एनटीए के मुताबिक, टेलीग्राम को यह भी निर्देश दिया गया है कि वह भारत में पहले से भेजे गए संदेशों को संपादित (एडिट) करने की सुविधा 30 जून 2026 तक बंद रखे।

नीट यूजी री-एग्जाम को लेकर गृह सचिव ने राज्यों और एजेंसियों संग की बैठक

नीट यूजी पुनर्परीक्षा 2026 की तैयारियों की समीक्षा के लिए केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने सोमवार को एक उच्च स्तरीय बैठक की। हाल ही में सामने आई पेपर लीक की आशंकाओं को देखते हुए बैठक में परीक्षा की सुरक्षा, पारदर्शिता और छात्रों की सुविधा पर विशेष जोर दिया गया।गृह सचिव ने सभी राज्य सरकारों, केंद्र शासित प्रदेशों और केंद्रीय एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे पुनर्परीक्षा के दोषरहित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए मजबूत सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करें।

मोहन ने की नीट परीक्षा तैयारियों की समीक्षा

सच प्रतिनिधि || भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मंत्रालय में नीट (अंडर ग्रेजुएट) परीक्षा-2026 की 21 जून को होने वाली परीक्षा की तैयारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा की। यह परीक्षा प्रदेश के 30 जिलों के 283 परीक्षा केंद्रों में सम्पन्न कराई जाएगी।

नीट परीक्षा की कुल अवधि सवा तीन घंटे की होगी। इस बार सभी परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परीक्षा केंद्रों वाले सभी 30 जिलों के कलेक्टर्स-एसपी एवं परीक्षा सम्पन्न कराने की व्यवस्थाओं से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किया कि नीट राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है। इसके लिए सभी तैयारियां समय से पहले पूरी कर ली जाएं। बेहतर प्रबंधन एवं कार्य कुशलता से पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा सम्पन्न करायें।

प्रयागराज में एक ही परिवार के तीन बुजुर्गों का कत्ल

प्रयागराज || एजेंसी

यूपी के प्रयागराज जिले में एक बार फिर सामूहिक हत्याकांड की घटना ने सनसनी फैला दी है। यमुनानगर के मेजा थाना इलाके के कुकुरकटवा गांव में एक ही परिवार के तीन बुजुर्ग सदस्यों की देर रात नृशंस हत्या कर दी गई। मंगलवार सुबह जब घटना का पता चला तो ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई और मातम पसर गया।मिली जानकारी के अनुसार, यह वारदात सोमवार देर रात करीब 1 बजकर 30 मिनट के आसपास हुई। मृतकों में दो महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं, जो एक ही परिवार के थे। प्रथम दृष्टया, बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला किया और फिर पीट-पीट कर हत्या की। घटनास्थल की स्थिति से पता चला कि पीड़ितों को दौड़ा-दौड़ा कर मारा गया था।घटना की सूचना मिलते ही प्रयागराज पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन-फानन पुलिस की टीम, फॉरेंसिक विशेषज्ञों और डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंची और गहन छानबीन शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, तीनों बुजुर्गों की सोते वक्त हत्या की गई।

हादसे में 8 की मौत के बाद ठेकेदार पर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

सोलापुर। महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में एक सड़क दुर्घटना में आठ लोगों की मौत के संबंध में पुलिस ने एक सड़क ठेकेदार के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। पश्चिमी महाराष्ट्र के मालशीरस तहसील के तंदुलवाड़ी गांव के पास रविवार दोपहर एक पिक-अप वाहन सड़क किनारे बने खेत के कुएं में गिर गया, जिसमें चार महिलाओं और इतने ही बच्चों सहित आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हो गए। इस क्षेत्र में एक परियोजना का काम कर रही सड़क ठेकेदार नवजोत गधोक की कंपनी को भी एफआईआर में नामजद किया गया है। पुलिस के अनुसार, ठेकेदार पर आरोप है कि वह सड़क किनारे कुएं की मौजूदगी की जानकारी होने के बावजूद दुर्घटनास्थल पर अनिवार्य सुरक्षा उपाय प्रदान करने में विफल रहा।

सराफा बाजार का आज का भाव

16 जून 2026
डालर $ 94.66
GOLD LIVE - 152540
हालमार्क ज्वैलरी रेट
24 KT-154620 ब्रेड
23 KT-148200
22 KT-142300
20 KT-129900
18 KT-117600
14 KT-90300
Silver Live - 248450
चांदी हाजिर 999- 254250

MG ज्वेलर्स (उज्जैन वाले)
सर्वधर्म कोलार रोड, भोपाल
Condition Apply

सच-संक्षेप

इथियोपिया में बड़ा सड़क हादसा, 31 लोगों की मौत

अदीस अबाबा (इथियोपिया)। इथियोपिया में संघर्ष प्रभावित उत्तरी अम्हारा इलाके में बस दुर्घटना में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों अन्य घायल हो गए। कोम्बोल्चा शहर प्रशासन पुलिस विभाग के अनुसार, खचाखच भरी बस डेसी इलाके से राजधानी अदीस अबाबा जा रही थी, तभी वह सड़क से फिसलकर खाई में जा गिरी।इलाके में बुनियादी सुविधाओं और एम्बुलेंस सेवाओं की कमी के कारण आपातकालीन मदद पहुंचने में देरी हुई, जिससे कई लोगों की मौत हो गई। वहीं यात्रियों को सार्वजनिक परिवहन से ले जाना पड़ा। जिस सड़क पर यह हादसा हुआ, वह पहाड़ी इलाकों से होकर गुजरती है। यह खतरनाक मानी जाती है। हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।।

इंडोनेशिया में जोरदार भूकंप 6.8 मापी गई तीव्रता

जकार्ता। इंडोनेशिया में आज सुबह जोरदार भूकंप आया। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 6।8 मापी गई। फिलहाल जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है। सुनामी को लेकर अलर्ट जारी नहीं किया गया है। भूकंप से हुए नुकसान का आकलन किया जा रहा है।नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी की रिपोर्ट के मुताबिक मंगलवार सुबह इंडोनेशिया में 6.8 मैग्नीट्यूड का तेज भूकंप आया। एक्स पर एक पोस्ट में नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने कहा कि भूकंप सुबह 08:57 पर इंडोनेशिया में 45 किलोमीटर की गहराई पर आया।लोकल मीडिया जकार्ता ग्लोब ने बताया कि मंगलवार को पालू और सेंट्रल सुलावेसी के कुछ हिस्सों में भूकंप आने के बाद लोगों ने अपने घर खाली कर दिए। लोकल लोगों और हालात पर नजर रख रहे अधिकारियों के हवाले से इसने कहा कि पालू, सिगी, डोंगला और तोजो ऊना-ऊना इलाकों में भूकंप का झटका बहुत ज़्यादा महसूस किया गया।

देश के प्रमुख ठिकानों पर ड्रोन अटैक की आशंका

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने चेतावनी दी है कि सीमाओं पर मौजूद महत्वपूर्ण ठिकानों पर दुश्मन ड्रोन हमला कर सकता है।'द हिंदू' की खबर के मुताबिक जहाज और जलमार्ग मंत्रालय के समुद्री सुरक्षा विंग ने जमीन और समुद्री सीमाओं के पास मौजूद महत्वपूर्ण संपत्तियों और ठिकानों पर ड्रोन अटैक को लेकर अलर्ट जारी किया है। मंत्रालय के लेटर में लिखा है-हमें जल्द से जल्द ठोस कदम उठाने होंगे, खासकर सीमा के पास बने अपने ठिकानों को खतरनाक ड्रोनों से बचाने के लिए एंटी-ड्रोन सिस्टम लगाने होंगे। दुनिया के मौजूदा हालात को देखकर यह साफ है कि दुश्मन के ड्रोन हमारे जरूरी ठिकानों के कामकाज को ठप कर सकते हैं।

रूस का यूक्रेन पर सबसे भयावह हमला, कीव पर बरसाए 600 ड्रोन, 70 मिसाइलें, 11 की मौत

कीव। रूस ने रात के अंधेरे में यूक्रेन पर अब तक का सबसे बड़ा हमला किया। सैकड़ों ड्रोन और दर्जनों मिसाइलें दागीं, जिसमें 11 लोग मारे गए और 1000 साल पुराना एक मशहूर चर्च भी जल गया। 15 जून की रात रूस ने यूक्रेन के दो सबसे बड़े शहरों - राजधानी कीव और दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव पर एक साथ हमला किया। यह हमला रात को हुआ, जब लोग सो रहे थे। रूस ने एक साथ 70 मिसाइलें और 611 ड्रोन दागे। यानी कुल मिलाकर 681 हथियार एक ही रात में। यूक्रेन की सेना ने इनमें से 632 को हवा में ही मार गिराया। यानी 50 मिसाइलें और 582 ड्रोन रोके गए, लेकिन फिर भी 20 बैलिस्टिक मिसाइलें और 27 ड्रोन यूक्रेन के 42 अलग-अलग जगहों पर जा गिरे।

कीव के रिहायशी इलाके में एक इमारत में लगी आग को बुझाने के लिए फायरफाइटर काम कर रहे हैं। कीव के शेवचेनकिव्स्की इलाके में 30 मिनट से भी कम समय में पांच बार हमले हुए। एक 25 मंजिला अपार्टमेंट बिल्डिंग पर हमला हुआ। एक बाजार और एक किराने की दुकान में आग लग गई। ओबोलोंस्की इलाके में 9 मंजिला रिहायशी इमारत सीधे निशाने पर आई। आसमान में काले धुएं के बादल छा गए। कीव में जोरदार धमाकों की आवाजें गूंजती रहीं और लोग अंडरग्राउंड शेल्टर में छुपते रहे। इस हमले में कीव का सबसे मशहूर धार्मिक स्थल कीव-पेचेर्स्क लावरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ये एक 11वीं सदी का मठ है यानी करीब 1000 साल पुराना।

शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन हरियाली

मुंबई। मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार ने एक बार फिर निवेशकों के चेहरों पर मुस्कान ला दी है। ईरान-अमेरिका के बीच संभावित शांति समझौते की उम्मीदों के चलते बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी का दौर जारी है। मंगलवार की सुबह शेयर बाजार हरे निशान में खुला। बीएसई सेंसेक्स 300.03 अंक (0.39 प्रतिशत) की मजबूत बढ़त के साथ 76,564.36 के स्तर पर पहुंच गया। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 75.15 अंक (0.32 प्रतिशत) चढ़कर 23,929.05 के स्तर पर कारोबार करता नजर आया। मंगलवार को शुरुआती कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले पांच पैसे मजबूत होकर 94.53 पर पहुंच गया, क्योंकि तेल की कीमतों में तेज गिरावट और पश्चिम एशिया में तनाव कम होने से घरेलू मुद्रा के पक्ष में अल्पकालिक रुझान बदल गया है। इस लगातार शानदार उछाल के पीछे सबसे बड़ा कारण भू-राजनीतिक मोर्चे से आ रही एक सकारात्मक खबर है। ईरान और अमेरिका के बीच शांति समझौते के फ्रेमवर्क को लेकर बन रही उम्मीदों ने बाजार के सेंटीमेंट को मजबूत किया है। इसी आशावाद के चलते पिछले दो कारोबारी सत्रों में बेंचमार्क इंडेक्स पहले ही तीन फीसदी तक की बड़ी छलांग लगा चुके हैं।

सेटेलाइट तस्वीरों में मानसूनी बादल गायब

मध्य प्रदेश-राजस्थान समेत 16 राज्यों में बारिश का इंतजार बढ़ा

नई दिल्ली || एजेंसी

भारत में दक्षिण-पश्चिम मानसून की रफ्तार फिलहाल धीमी पड़ गई है। 15 जून की सेटेलाइट तस्वीरों में देश के बड़े हिस्से से मानसूनी बादल गायब दिखाई दिए। मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक, चार जून से 15 जून के बीच देश में सामान्य 53.7 मिमी के मुकाबले सिर्फ 19.2 मिमी बारिश हुई। यानी बारिश में 64 फीसदी की कमी दर्ज की गई है। मानसूनी गतिविधियां कमजोर होने से 16 राज्यों में बारिश का इंतजार बढ़ गया है। इनमें राजस्थान, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश और दिल्ली शामिल हैं। मानसून दक्षिण भारत से आगे बढने् के बाद महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के आसपास ठहर गया है। पूर्वोत्तर राज्यों को कवर करने के बाद यह बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल में रुक गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून के कमजोर होने की वजह समुद्र में नमी की कमी नहीं, बल्कि ऊपरी वायुमंडल की हवाओं का असामान्य पैटर्न है।

आरएसएस को पंजीकरण की जरूरत नहीं: भागवत

बंगलुरु/त्रिशूर। कर्नाटक के गृह मंत्री प्रियांक खड़गे के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से पारदर्शिता की मांग किए जाने के बाद पैदा हुए नए राजनीतिक विवाद के बीच आरएसएस सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि संगठन को किसी पंजीकरण की आवश्यकता नहीं है। श्री भागवत ने आरएसएस को एक संगठन के रूप में पंजीकृत करने की मांगों का जवाब देते हुए कहा कि इस तरह की मांगें किसी वास्तविक कानूनी चिंता के बजाय राजनीति से प्रेरित हैं। केरल के त्रिशूर में आयोजित 'संघ यात्रा के 100 वर्ष' कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म पंजीकृत नहीं है। कई चीजें पंजीकृत नहीं हैं। जिन्हें सरकारी धन की आवश्यकता होती है, उन्हें पंजीकरण कराना पड़ता है।

सरकार ने डीजल 14 रुपए और एटीएफ पर 12.5 रुपए निर्यात शुल्क बढ़ाया

नई दिल्ली || एजेंसी

देश में ईंधन की पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखने और वैश्विक संकट के बीच घरेलू हितों की रक्षा के लिए केंद्र सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने डीजल और विमान ईंधन के निर्यात पर लगने वाले शुल्क में बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। राजस्व विभाग द्वारा जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, संशोधित दरें मंगलवार से पूरे देश में प्रभावी हो गई हैं इस नए बदलाव के तहत अब डीजल के

निर्यात पर 14 रुपए प्रति लीटर और हवाई ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर 12.5 रुपए प्रति लीटर का शुल्क लागू होगा। हालांकि, सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल के निर्यात शुल्क और स्थानीय बाजार में बिकने वाले पेट्रोल-डीजल पर लगने वाले उत्पाद शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया है। इसका सीधा मतलब यह है कि देश के आम नागरिकों के लिए पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों पर कोई असर नहीं पड़ेगा।सरकार अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की औसतन कीमतों और रिफाइनिंग मार्जिन के आधार पर हर 15 दिन में इन दरों की समीक्षा करती है। इससे पहले 1 जून को दरों में संशोधन किया गया था।

संकट || बरगी बांध में कम हुआ पानी, नर्मदा की धार हुई पतली, कम बारिश से जल संकट का खतरा

खतरे में मध्यप्रदेश की लाइफलाइन, नर्मदा में दिखने लगी चट्टानें

सच संवाददाता || जबलपुर

अभी बरसात शुरू भी नहीं हुई है, उसके पहले ही मध्य प्रदेश के बड़े बांधों में से एक बरगी बांध का पानी सूखने लगा है। फिलहाल बरगी बांध में मात्र 5 मीटर पानी शेष बचा है। जबकि बरगी बांध में कुल मिलाकर 21 मीटर पानी का भराव रहता था। कम पानी की वजह से नर्मदा नदी में भी कम पानी छोड़ा जा रहा है। नर्मदा के कई घाटों पर चट्टाने नजर आने लगी हैं, पानी गंदा हो गया है। यदि ऐसे ही हालात रहे तो शहरों में पीने के पानी का संकट खड़ा हो जाएगा। नर्मदा आधे मध्य प्रदेश की जल रखा है। नर्मदा नदी से ही कई छोटे बड़े गांव से लेकर बड़े-बड़े शहरों तक पानी पहुंचाया जाता है। लेकिन इन दिनों नर्मदा सूख रही है। नर्मदा नदी पर एक बहुत बड़ा बांध है जिसे बरगी बांध के नाम से

जाना जाता है। इस बांध की समुद्र तल से ऊंचाई 402 मी धरातल से शुरू होकर 422.75 मी है। कुल मिलाकर बांध में 21 मी पानी भर सकता है। लेकिन बरगी बांध परियोजना के अधिकारी आर आर रोहित ने बताया कि, बरगी बांध में फिलहाल वाटर लेवल 407.85 मीटर है। मतलब बरगी बांध में अब मात्र 5 मीटर पानी ही शेष बचा है। जबकि बरगी बांध में बरसात के सीजन में 422.75 मीटर पानी था।

बारिश कम हुई तो खड़ा हो सकता है जलसंकट

इस साल पहले ही मौसम वैज्ञानिकों ने अल नीनो इफेक्ट के चलते कम बारिश होने की संभावना जताई है। मध्य प्रदेश के बांधों में भी पानी अपने निचले स्तरों तक पहुंच गया है। ऐसी हालत में यदि बारिश कम होती है तो आने वाला साल सभी के लिए कष्टदायक होगा। क्योंकि नर्मदा नदी से कई शहरों को पानी की सप्लाई होती है। नर्मदा नदी की नेहरों से फिलहाल जबलपुर और नरसिंहपुर जिले में सिंचाई हो रही है। आने वाले समय में कटनी और सतना तक इस पानी को पहुंचना है। लेकिन यदि पानी ही कम गिरा तो बांध में पूरा पानी नहीं भर पाएगा, जिसकी वजह से पीने के पानी तक का संकट खड़ा हो सकता है।

कई इलाकों में होता है नर्मदा का जल सप्लाई

बरगी बांध से नर्मदा नदी में पानी बिजली संयंत्र के माध्यम से छोड़ा जाता है। लेकिन बिजली संयंत्र में दो में से एक इकाई मेंटेनेंस के लिए बंद की गई है और दूसरी इकाई को भी पानी कम होने की वजह से कम समय के लिए ही चलाया जा रहा है। इसकी वजह से नर्मदा नदी में पानी की मात्रा बहुत अधिक घट गई है। नर्मदा नदी में पानी कम छोड़े जाने का असर जबलपुर शहर के जनजीवन पर भी दिखने लगा है।दरअसल जबलपुर में बेस्ट सेंट्रल रेलवे, जबलपुर नगर निगम और दूसरी संस्थाओं के लिए भी पानी नर्मदा नदी से ही जाता है। लेकिन सभी वाटर फिल्टर प्लांट से दूर हो गए हैं। ग्वारीघाट के निवासी रामानुज तिवारी का कहना है कि,कई सालों से ऐसी स्थिति नहीं बनी थी। लेकिन इस साल ग्वारीघाट में पानी कुछ ज्यादा ही काम हो गया है। लोग पैदल ही नर्मदा की एक तरफ से दूसरी तरफ जाते हुए देखे जा सकते हैं।

केरल की मंत्री बिंदु कृष्णा पर गलती से गर्म खीर गिर गई

तिरुवनंतपुरम। केरल में महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा योजना की शुरुआत के समय एक अजीब हालात उस समय पैदा हो गए, जब कोल्लम में एक खचाखच भरी सरकारी बस में महिला एवं बाल विकास मंत्री बिंदु कृष्णा पर गलती से गर्म खीर गिर गई।उक्त घटना तब हुई जब मंत्री प्रियदर्शनी योजना को लागू करने के सिलसिले में केरल राज्य सड़क परिवहन निगम की बस में यात्रा कर रही थीं। इस योजना के तहत प्रदेश भर में सामान्य केएसआरटीसी बसों में महिलाओं और ट्रांसजेंडर लोगों को फ्री यात्रा करने की सुविधा मिलती है।

चुनाव प्रचार से विजय जुलूस तक
सभी प्रकार की चुनाव प्रचार सामग्री के निर्माता एवं विक्रेता
सभी प्रकार के झण्डे, बैच, बैनर, कैप, स्टीकर, पोस्टर, ग्लोसाईन बोर्ड, होर्डिंग्स, फ्लेक्स एवं प्रिंटिंग कार्य हेतु पधारें
SHEELA AD MAKERS शीला एड-मेकर्स
E-mail:sheelaadmakers@gmail.com
139, Malviya Nagar, Bhopal (M.P.)
Tel./Fax: 0755-4012177,
Mob.:9301020777, 8889120777
GB-3, Ground Floor Mansarover Complex, Near BJP Office Bhopal
Tel. 0755-4277938
www.sheelaadmakers.in